एक नजर में

बिजनौर में दिल्ली पब्लिक स्कूल में तनाव से दूर रहने के टिप्स देतीं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट पूजा यादव ए.उपस्थित विद्यार्थी •सौ. सूत्र

बिना तनाव परीक्षा की तैयारी करने के दिए टिप्स

बिजनौर : दिल्ली पब्लिक स्कूल में तनाव, परीक्षा की तैयारी एवं समय प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजितहुई। विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा की तैयारी करने का आह्वान किया गया। दिल्ली से आईं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट पूजा यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वयं योजना, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच से परीक्षा के तनाव को आत्मविश्वास में बदला जा सकता है। उन्होंने समय का सदुपयोग करने तथा लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करने का आह्वान किया। पढ़ाई में समस्या आने पर स्वजन और शिक्षकों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। कठिन परिस्थितियों में शांत रहने का सुझाव दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रधानाचार्या पायल कपूर ने कहा कि एक दूसरे से बात करके समस्या का समाधान किया जा सकता है। खुद तनाव झेलने के बजाए बातें कर समाधान ढूंढने का आह्वान किया। •जासं

उठन हाल में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते विधायमित्र शिक्षक संघ पदाधिकारी•सौ. सूत्र

मानदेय बढ़ने पर शिक्षामित्रों ने एक दूसरे का मुंह कराया मीठा

बिजनौर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मानदेय में वृद्धि की घोषणा के बाद विधायमित्र शिक्षक संघ के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने खुशी का इजहार किया। उठन हाल पार्क में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी ने बताया कि शिक्षामित्रों का मासिक मानदेय अब 10 हजार से बढ़कर 18 हजार रुपये किया जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षामित्रों के लिए और घोषणाओं की उम्मीद है। मंडल अध्यक्ष संजीव डबास ने कहा कि सरकार ने शिक्षामित्रों के लिए खजाने का दिशा खोल है। वाचस्पति राणा और अमित चौधरी ने बताया कि शिक्षामित्र हर सरकारी योजना का सक्रियता से प्रचार करते हैं और उन्हें धरातल पर लागू करते हैं। देवेंद्र सिंह, रविंद्र कटारिया, रूमा, वंदना, सुरेश सिंह, अंजू देवी आदि उपस्थित रहे। •जासं

रस्सा खींच में मनु भाकर हाउस ने जीती ट्राफी

बिजनौर : विवेक विश्वविद्यालय में आयोजित विवेक स्पोर्ट्स लीग का समापन हुआ, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में दीपांशु राजन ने प्रथम, जबकि सुधांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में ईशा ने प्रथम और महविश ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में मोहम्मद फैजन ने प्रथम और दिव्यम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में हनी गौतम ने प्रथम स्थान और लोभा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बैडमिंटन डबल में मनु भाकर हाउस ने प्रथम और सिंधु हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालकों में मिल्खा सिंह ने मनु भाकर हाउस को जीत दिलाई। रस्सा खींच में भी मनु भाकर हाउस ने बाजी मार ली। वहीं टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। •जासं

स्वयंसेवकों से सामाजिक कार्यों में जुटने का किया आह्वान

बिजनौर : दुबरा सत्यवीर डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। स्वयं सेवकों से सामाजिक कार्यों में जुटने का आह्वान किया गया। गाव वर्मा में आयोजित शिविर का उद्घाटन रविंद्रो संदेश बिजनौर की सचिव स्वाति वीरा महजन ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और कौशल का विकास करना है, जिससे वे परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति सजग रहें। इसके साथ ही, वे पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया। प्राचार्य डा. महेंद्र सिंह कौरव ने विद्यार्थियों को सामाजिक विषयों पर जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक भारद्वाज, सुनील भारद्वाज, डा. अजय उपाध्याय, देवकी रावत, शबनम कुरैशी, पूजा लाल, सिमरन भारद्वाज आदि भी उपस्थित रहे। •जासं

तनु सिंह रहीं प्रथम

तनु सिंह •

बिजनौर : कुबर सत्यवीर डिग्री निगमिस कालेज का छमाही प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हो गया। विभागाध्यक्ष विभौर राजवंशी के अनुसार छात्रा तनु सिंह ने प्रथम, वंशिका शर्मा ने द्वितीय तथा दिशांशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वीरा सोशाइटी के सचिव उदयन वीरा, मुरादाबाद से सांसद रुचि वीरा, स्थानीय महाजन वीरा और सरस्वती विद्यालय के प्रबंधक डा. अमित कुमार बंसल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। •जासं

बेपनाह नेकियां बटोरने का महीना है रमजान: फिरोज बख्त

रमजान, अल्लाह की नवाजिशों और बेपनाह नेकियां बटोरने का महीना तो है ही, यह एक त्यौहार भी है। केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, मानवता, सामाजिक सद्भाव व इंसानियत की सेवा का प्रतीक है। इस माह मात्र खाने-पीने व बुराई से बचने तथा बेईमानी से ही नहीं, बल्कि हर प्रकार की गलत हरकत से परहेज होता है। इंसानों के साथ पशु, पक्षियों व हरियाली के साथ भी अच्छाई करने का महीना है।



फिरोज बख्त अहमद, पूर्व कुलाधिपति, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विवि, हैदराबाद

सच्चे दिल से उन सभी गुनाहों की क्षमा याचना करते हैं, जो दिन के उजाले अथवा रात के अंधेरे में किए गए हैं। यह हमें सिखाता है कि संयम, करुणा और ईश्वर-भक्ति के माध्यम से जीवन को अधिक सार्थक और सुंदर बनाया जा सकता है। इबादत में नमाज और दुआ के अतिरिक्त कुरान की तिलावत का विशेष महत्व है। इस्लामी कैलेंडर के इस अत्यंत पवित्र नौवें महीने में पवित्र किताब कुरान का अवतरण हुआ, इसलिए इसका आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक रोजा रखते हैं, जो मौसम के एतबार से 13 से 17 घंटे तक बिना पानी की एक बूंद या खाने के एक ग्रास के बिना रहते हैं। वे सुबह सहरी करते हैं और सूर्यास्त पर इफ्तार से रोजा खोलते हैं।

मिल के उपचारित पानी से फसलों की सिंचाई

चीनी मिल ने पानी की आपूर्ति के लिए बिछाई है नौ हजार मीटर लंबी पाइप लाइन

संवाद सहयोगी, जागरण• बांकपुर: चांगीपुर चीनी मिल और आसखनी इकाई द्वारा प्रदूषित पानी को उपचारित करने के बाद पाइप लाइन के माध्यम से किसानों को आपूर्ति की जा रही है। इस मिल के उपचारित पानी से क्षेत्र के सौ से अधिक किसान अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। मिल प्रशासन ने पानी की सप्लाई के लिए नौ हजार मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई है, जो फसलों की सिंचाई के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है।

चांगीपुर चीनी मिल के पानी से सिंचाई करता किसान• जागरण

चांगीपुर स्थित चीनी मिल और आसखनी इकाई पूरी तरह से आधुनिक तकनीक पर आधारित है। मिल में प्रतिदिन लाखों लीटर पानी का उपयोग किया जाता है। मिल से निकलने वाले पानी में विभिन्न प्रकार के केमिकल का मिश्रण होता है, जिसके कारण अधिकांश पानी नालों में बर्बाद हो जाता है। अब मिल से निकलने वाले प्रदूषित पानी को यूएफ प्लांट के साथ आरओ और यूवी ट्रीटमेंट के बाद पूरी तरह से शुद्ध किया जाता है।

पानी की महत्ता को समझते हुए चीनी मिल संचालकों ने मिल से लेकर बान नदी तक पाइप लाइन बिछाई है। इस पाइप लाइन में प्रत्येक सौ मीटर की दूरी पर वाल्व लगाए गए हैं। फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को मिल गेट पर नाम लिखवाना होता है, जिसके बाद चीनी मिल कर्मचारी वाल्व खोलकर किसान के खेत में पानी की सप्लाई शुरू कर देते हैं। क्षेत्र के किसान अरविंद कुमार, किशोर कुमार, भारत सिंह, चमेली देवी और बलवान सिंह ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से अपने खेतों की सिंचाई इसी उपचारित पानी से कर रहे हैं। आसखनी इकाई में भी इसी शुद्धिकृत पानी का उपयोग किया जा रहा है।

"चीनी मिल के प्रदूषित पानी के शुद्धिकरण के लिए मिल में तैन स्तरीय लाइनें लगी हैं। इससे उपचारित होने के बाद पाइप लाइन के जरिये किसानों के खेतों तक पानी की सप्लाई हो जा रही है। इस पानी के प्रयोग से फसलें भी अच्छी पैदा हो रही हैं।
-सुरेंद्र गिरी, प्रबंधक आसखनी इकाई चांगीपुर।

मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजेता को पदक देते डायरेक्टर मीना सिंह सौ. स्कूल

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में नीला सदन रहा प्रथम

संवाद सूत्र, जागरण• कोतवाली देहात: मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में आयोजित तृतीय इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में नीला सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में नीला सदन ने 10 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। लाल सदन ने द्वितीय और पीला सदन तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की डायरेक्टर मीना सिंह और प्रधानाचार्या अलका कुमार ने विजेताओं को ट्राफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का आयोजन ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा और पीटीआइ गजेंद्र सिंह की देखरेख में हुआ।

आपसी भाइचारे का प्रतीक होते हैं त्योहार

संवाद सूत्र, जागरण• नहटौर: कोतवाली परिसर में अगामी होली के पर्व को लेकर होली कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ ने होली पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीओ अभय कुमार पांडे ने होली कमेटी के पदाधिकारियों से कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ जैन ने बताया कि 27 फरवरी को एकादशी का जुलूस मुल्लाना पंचायती मंदिर से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्गों से सब्जी मंडी में संपन्न होगा। इसके बाद तीन मार्च को सूखे रंग का जुलूस होली चौक से शुरू होगा। वहीं, दुल्हैंडी का जुलूस चार मार्च को निकाला जाएगा। जैन ने नगर में सफाई व्यवस्था और बिजली व्यवस्था को बेहतर रखने की मांग की। इस पर सीओ ने होली कमेटी के पदाधिकारियों से बीस अतिरिक्त के नाम और मोबाइल नंबर देने की बात कही, ताकि जुलूस में इनका सहयोग लिया जा सके।

नहटौर कोतवाली में बैठक में मौजूद कमेटी के पदाधिकारी व अन्य • जागरण

भाकियू भानू की बैठक 24 फरवरी को

संवाद सूत्र, जागरण• कोतवाली देहात : भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक 24 फरवरी को सुबह 11 बजे नगीना तहसील प्रांगण में होगी। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखा जाएगा। साथ ही उसके निदान की मांग की जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में किसानों से तहसील प्रांगण में पहुंचने की आह्वान किया। इसकी जानकारी यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव नरेश पूर्व प्रधान ने दी। उन्होंने किसानों से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण

संवाद सूत्र, जागरण• शिवाल कला: श्री हरिपाल शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय फीना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया।

ग्राम मुस्तफाबाद में चल रहे महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार और शिवानी राजपूत के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आगे आने की अपील की। इस दौरान गांव में पौधारोपण किया गया। प्राचार्य अशोक कुमार ने स्वयंसेवकों से राष्ट्रहित में कार्य करने की अपील की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधक अशोक शास्त्री, आकाश राजपूत, गौरव कुमार, सचिन कुमार शर्मा, आरपी सिंह, राकेश कुमार और राजेंद्र सिंह का सहयोग रहा।

तानिया, फोजिया और मुकुल रहे प्रथम

जागरण संवाददाता, बिजनौर: भगवत इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी का बी फार्मा का परीक्षाफल शानदार रहा। प्रधानाचार्य सचिन सिंघल के अनुसार द्वितीय वर्ष में तानिया ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, वंश आर्य ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शाकिब ने 66.67 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मुकुल देव ने तृतीय वर्ष में मुकुल देव ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अंकुर कुमार ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, इक्कीसा ने 70 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अंतिम वर्ष में फोजिया ने 77.57 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सुमन ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवानी ने 74.85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। संस्थान चेयरमैन डा.अनिल सिंह, निदेशक डा.अनुराग विजय अग्रवाल, सलाहकार डा.पुष्पनील वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

तानिया •

फोजिया •



मुकुल देव •

विश्व शांति हेतु आर्य समाज ने किया हवन

संवाद सूत्र, जागरण• कोतवाली देहात : दयानंद इंटर कालेज में विश्व शांति के लिए आर्य समाज द्वारा हवन यज्ञ किया गया। दयानंद इंटर कालेज कोतवाली देहात में आयोजित हवन यज्ञ में काफी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्व शांति की कामना की गई। इस दौरान चौधरी अमन सिंह, अशोक त्यागी, मांगेराम सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !

सर्किल कार्यालय : ARMB शाखा, रामगंगा विहार, निकट सैल टैक्स, मुरादाबाद (यू.पी.)
EMAIL: cs8281@pnb.co.in

ई-नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी / प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक / भौतिक / सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी के अंकितानुसार तिथि को "जैसी है जहां है", "जो भी है वही है" आधार पर बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

शाखा: ARMB, मुरादाबाद

ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 27.03.2026 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक

ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि- ई-नीलामी से पहले

क्र. सं.	कर्जदार / बंधककर्ता / गारंटर का नाम	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण सम्पत्ति स्वामी का नाम	सांकेतिक अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना की तिथि / सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना के अनुसार कब्जा प्राप्ति / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित मूल्य (रूपये में) / ईएमडी (रूपये में) / बोली वृद्धिशील राशि
1	मेसर्स ए.एच. हैंडीक्राफ्ट्स, श्री मोहम्मद अकरम पुत्र श्री अल्ताफ हुसैन, श्रीमती नाजिया परवीन उर्फ निक्की पत्नी श्री मोहम्मद अकरम	**सम्पत्ति नं. 01:** साम्यिक आवासीय सम्पत्ति जिसमें दो सेल डीड हैं, जो नया गाँव, विद्या नगर, रेलवे स्टेशन हल्वाला के पास, तहसील और ज़िला मुरादाबाद (यूपी) में स्थित है (नामित श्रीमती नाज़िया परवीन उर्फ निक्की पत्नी श्री मोहम्मद अकरम) 1. बही संख्या 01 में रजिस्टर्ड, ज़िला संख्या 9593, पृष्ठ संख्या 323–350, क्रम संख्या: 1422, दिनांक 19.02.2015, जिसका क्षेत्रफल– 31.20 वर्ग मीटर 2. बही संख्या 01 में रजिस्टर्ड, ज़िला संख्या 7623, पृष्ठ संख्या: 133–160, क्रम संख्या: 3610 दिनांक 26.04.2012, जिसका क्षेत्रफल– 95.14 वर्ग मीटर आवासीय सिंगल स्टोरी बिल्डिंग, जिसका क्षेत्रफल– 126.34 वर्ग मीटर **चौहद्दी: उत्तर:** अय्यूब का घर और रास्ता 4.05 मीटर **दक्षिण:** शराफत का घर **पूर्व:** मोहम्मद सद्दीक का घर **पश्चिम:** मोहम्मद रफी का घर	09.06.2025 रु. 25,56,008.94/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 31.05.2025 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रु. 49,38,000/- रु. Rs. 4,93,800/- रु. 2,00,000/-
2	मेसर्स अदनान ट्रेडर्स, श्री मोहम्मद वासीक के पुत्र श्री अब्दुल मजीद (गालिब और बंधककर्ता) और श्रीमती फातिमा पत्नी श्री मोहम्मद वासीक (गारंटर और बंधककर्ता)।	**संपत्ति नं. 01:** साम्यिक आवासीय दो मंजिला सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला असालतपुरा मूज़ा, प्रिंस रोड, थाना गलशहीद, मुरादाबाद (यूपी) जिसका क्षेत्रफल– 103.435 वर्ग मीटर (नामित है श्री मोहम्मद वसीक पुत्र श्री अब्दुल मजीद) पंजीकृत है बही संख्या: 01, ज़िल्द संख्या: 7057, पृष्ठ: 1–22, क्रम संख्या: 13565, दिनांक 29.10.2009, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम मुरादाबाद (यूपी) **चौहद्दी: उत्तर में:** सड़क सरकारी **दक्षिण में:** श्री अनवर हुसैन आदि का घर **पूर्व में:** श्री मिनहाज मुसरत का घर **पश्चिम में:** आराजी श्री मुसरत हुसैन वगैरह **संपत्ति नं. 02:** आवासीय दो मंजिला सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला असालतपुरा मूज़ा, प्रिंस रोड, थाना गलशहीद, मुरादाबाद (यूपी) जिसका क्षेत्रफल– 103.435 वर्ग मीटर (नामित है श्री मोहम्मद वसीक पुत्र श्री अब्दुल मजीद) पंजीकृत है बही संख्या: 1, ज़िल्द संख्या: 7081, पृष्ठ: 223–248, क्रम संख्या: 14167, दिनांक 09.11.2009, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम मुरादाबाद (यूपी) **चौहद्दी: उत्तर में:** सड़क सरकारी **दक्षिण में:** श्री अनवर हुसैन वगैरह का घर **पूर्व में:** श्री मिनहाज मुसरत का घर **पश्चिम में:** आराजी श्री मुसरत हुसैन वगैरह।	29.07.2022 रु. 9,38,89,064/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 29.07.2022 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रु. 1,32,66,000/- रु. 13,26,600/- रु. 5,00,000/-
3	श्री अकील अहमद पुत्र श्री खलील अहमद (ऋणी) श्रीमती शहाना परवीन पत्नी श्री अकील अहमद (सह-ऋणी) और बंधककर्ता)	सम्पत्ति स्थित है (नामित है श्री अकील अहमद पुत्र श्री खलील अहमद), जो नई आबादी क्षेत्र, उत्तरी रेलवे फाटक चांदपुर के पास, तहसील –चांदपुर, जिला बिजनौर (यूपी) में है। जिसका कुल क्षेत्रफल: 50 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्या: 1, जिल्द संख्या: 7171 पृष्ठ: 253–270, क्रम संख्या: 4646 दिनांक 24.03.2015 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय चांदपुर। **चौहद्दी: उत्तर:** राबिया की आराजी **दक्षिण:** अतीक अहमद की आराजी **पूर्व:** इकबाल की आराजी **पश्चिम:** रास्ता 10 फीट चौड़ा	04.06.2021 रु. 16,44,676.38/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 01.04.2021 से प्रभावी भौतिक कब्जा	रु. 5,95,000/- रु. 59,500/- रु. 50,000/-
4	स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव पुत्र दाता राम यादव के कानूनी वारिसों के माध्यम से श्रीमती जगरोशनी यादव पत्नी स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, श्री सनी यादव पुत्र स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, श्रीमती सोनाली यादव पुत्री स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, श्रीमती साक्षी यादव पुत्री स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, (स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव के कानूनी वारिस), और श्री कुलदीप गुप्ता पुत्र श्री दाता राम गुप्ता (गारंटर)	साम्यिक आवासीय सम्पत्ति स्थित है ग्राउंड फ्लोर + फर्स्ट फ्लोर पर खसरा नंबर 107 के दस हिस्से पर है जो कवर्ड 157 मे से पहले था, प्लॉट संख्या: 28–A भी, जाबरांगज–I, तहसील– नजीबाबाद, जिला बिजनौर, जिसे पहले मौज़ा–इब्राहिमपुर राजू, परगना और तहसील– नजीबाबाद, जिला बिजनौर (यूपी) के नाम से जाना जाता था, जिसका कुल क्षेत्रफल 82.66 वर्ग मीटर (नामित है श्री अनिल कुमार यादव पुत्र श्री दाता राम गुप्ता), पंजीकृत है बही संख्या: 1, जिल्द संख्या: 4049 पृष्ठ संख्या: 59–88 क्रम संख्या: 3078, दिनांक 16.03.2009, **सेल डीड के अनुसार पहले भाग की चौहद्दी: पूर्व:** प्रॉपर्टी का दूसरा हिस्सा, **पश्चिम:** बेचने वाले की दूसरी जमीन, **उत्तर:** आराजी अन्य, **दक्षिण:** बेचने वाले की जमीन। **सेल डीड के अनुसार दूसरे भाग की चौहद्दी: पूर्व:** बेचने वाले की दूसरी जमीन, **पश्चिम:** प्रॉपर्टी का पहला हिस्सा, **उत्तर:** आराजी अन्य, **दक्षिण:** 20 फीट चौड़ा रास्ता	26.04.2023 रु. 38,02,940.73/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 01.04.2023 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रु. 31,80,000/- रु. 3,18,000/- रु. 1,00,000/-
5	मैसर्स एजेब्रु टेक्सटाइल्स, श्री मोहम्मद अनीस पुत्र श्री मोहम्मद यासीन, श्री मोहम्मद वासीन पुत्र श्री सलीम	**संपत्ति नं. 01:** सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला–गाटा नंबर 1381 और 1382, मोहल्ला बुध बाजार, पाकबड़ा, एसवीआई के पास, थाना पाकबड़ा के सामने, दिल्ली रोड, मुरादाबाद (यूपी), जिसका क्षेत्रफल 235.75 वर्ग मीटर (नामित है श्री मोहम्मद यासीन पुत्र श्री सलीम) पंजीकृत है बही संख्या: 01, ज़िल्द संख्या: 8112, पृष्ठ संख्या: 35–64, क्रम संख्या: 896 दिनांक 31.01.2013। **चौहद्दी: उत्तर:** मोहम्मद यासीन का प्लॉट **दक्षिण:** आराजी मोहम्मद और जुजमे आराजी अशरफ अली रास्ता 6 मीटर चौड़ा **पूर्व:** आराजी मुकीर **पश्चिम:** आराजी मुकीर **संपत्ति नं. 02:** सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला– गाटा नंबर 1381 और 1382, मोहल्ला बुध बाजार, पाकबड़ा, एसवीआई के पास, थाना पाकबड़ा, दिल्ली रोड, मुरादाबाद (यूपी), जिसका क्षेत्रफल 57.13 वर्ग मीटर (नामित श्री मोहम्मद यासीन पुत्र श्री सलीम) पंजीकृत है बही संख्या: 01, जिल्द संख्या: 8061, पृष्ठ संख्या: 305–326, क्रम संख्या: 39 दिनांक 02.01.2013. **चौहद्दी: उत्तर:** सड़क नेशनल हाईवे **दक्षिण:** आराजी सेलर **पूर्व:** आराजी सेलर **पश्चिम:** आराजी सेलर	19.05.2023 रु. 42,67,248/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 19.05.2023 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रु. 1,46,11,500/- रु. 14,61,150/- रु. 2,00,000/-
6	श्रीमती दीप्ति सिंघल पत्नी श्री दीपक सिंघल (ऋणी/बंधककर्ता) एवं श्री दीपक सिंघल पुत्र श्री उमेश चंद सिंघल (सह-ऋणी/बंधककर्ता) श्रीमती सुरभि जैन पत्नी श्री धीरज जैन (गारंटर)।	आवासीय सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला– जाब्ता गंज, नजीबाबाद, बिजनौर में जिसका कुल क्षेत्रफल 117.10 वर्ग मीटर, (नामित है श्रीमती दीप्ति सिंघल और श्री दीपक सिंघल), पंजीकृत है बही संख्या: 6850–पृष्ठ संख्या: 191–210 क्रम संख्या: 5227, दिनांक 29.10.2014 **चौहद्दी: पूर्व:** पवन का प्लॉट **पश्चिम:** रोड **उत्तर:** वेंडर की ज़मीन **दक्षिण:** विपिन की ज़मीन	16.08.2018 रु. 22,71,432.00/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 01.08.2018 से प्रभावी भौतिक कब्जा	रु. 10,79,500/- रु.1,07,950/- रु. 10,000/-
7	मैसर्स डायमंड मेटल्स मेकर्स, (ऋणी फर्म), पता: डायमंड कॉलोनी, गली नंबर 2, दत्त सरोय, मुरादाबाद (यूपी) श्री अजीम शैकी, श्री नवी अहमद पुत्र (प्रोप/ऋणी), निवासी 2/40, जयंतीपुर असिक, मुरादाबाद (यूपी) (गारंटर)	**संपत्ति नं. 01:** साम्यिक सम्पत्ति स्थित है मुरादाबाद के मदौरा गांव में जिसका क्षेत्रफल 250.00 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्या: 1, ज़िल्द संख्या: 9459, पृष्ठ संख्या: 361 से 376, क्रम संख्या: 909, दिनांक: 21.01.2013, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम मुरादाबाद, (मोहम्मद आजम सैफी पुत्र श्री नबी अहमद और जावेद अख्तर पुत्र मोहम्मद उमर) **चौहद्दी: उत्तर:** रास्ता 12 फीट चौड़ा **दक्षिण:** प्रॉपर्टी रामगोपाल **पूर्व:** श्रीमती शना खातून की प्रॉपर्टी **पश्चिम:** प्रॉपर्टी गिरधर **संपत्ति नं. 02:** साम्यिक सम्पत्ति स्थित है शिवपुरी (मदौरा), मुरादाबाद में जिसका क्षेत्रफल 60.00 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्या: 1, ज़िल्द संख्या: 11921, पृष्ठ संख्या: 283 से 322, क्रम संख्या: 10853, दिनांक 24.06.2015, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम मुरादाबाद, (नामित है मोहम्मद आजम सैफी पुत्र नबी अहमद)। **चौहद्दी: उत्तर:** सरकारी रोड (रामपुर रोड) **दक्षिण:** कब्रिस्तान और मज़ार **पूर्व:** दूसरी प्रॉपर्टी खसरा नंबर 319 **पश्चिम:** डॉ. अभिजीत कुमार की प्रॉपर्टी।	27.07.2018 रु. 58,51,933.00/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 01.07.2018 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रु. 12,90,500/- रु.1,29,050/- रु. 50,000/-
8	मैसर्स न्यू भारत ट्रेडर्स, श्री सईद जफर पुत्र श्री रफीक अहमद, श्रीमती शायदा बेगम पत्नी श्री रफीक अहमद, श्री मोहम्मद खालिद पुत्र श्री रफीक अहमद	सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला–अलीपुर मूर, शुमाली, अमरोहा, (यूपी) जिसका क्षेत्रफल 2550.00 वर्ग मीटर (नामित है श्रीमती शायदा बेगम पत्नी श्री रफीक अहमद), पंजीकृत है बही संख्या: 1, ज़िल्द संख्या: 1675, पृष्ठ संख्या: 115 – 142, क्रम संख्या: 3524, दिनांक 30.04.2007, **चौहद्दी: उत्तर:** गुलनाज़ बेगम का खेत **दक्षिण:** पीडब्ल्यूडी राज्य मार्ग: 51 **पूर्व:** गुलनाज़ बेगम का खेत **पश्चिम:** जहूर अहमद खान का खेत	12.12.2022 रु. 58,00,308/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 01.12.2022 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रु. 2,40,86,000/- रु. 24,08,600/- रु. 5,00,000/-
9	मैसर्स निजी कोल्ड ड्रिंक एजेंसी, श्री महबूद पुत्र श्री मज्जम, श्री मोहम्मद अरमान पुत्र श्री नसीम अहमद	सम्पत्ति स्थित है गांव – बीलना नहर के पास, नौगावां सादात, अमरोहा (यूपी) जिसका क